प्रेषक,

जिला पंचायत राज अधिकारी
बस्ती।

सेवा में,

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत
बस्ती।

पत्रांक /7–पंचायत/स्व0भा0मि0–ग्रा0/2025–26 दिनांक 17 अप्रैल 2025

विषय :– जनपद बस्ती में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट यूनिट की स्थापना के सम्बन्ध में प्रस्ताव।

महोदय,

सादर अवगत कराना कि जनपद बस्ती जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी बस्ती की बैठक दिनांक 08.04.2025 में अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद बस्ती में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट यूनिट की स्थापना के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव के क्रम में जिलाधिकारी/ अध्यक्ष महोदय द्वारा आपसे प्रश्नगत विषय पर चर्चा करने का निर्देश दिया गया था, जिसके क्रम में अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, बस्ती और जिला सलाहकार (SBM-G) द्वारा आपसे चर्चा की गयी जिसमें आप द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत बजट से प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट यूनिट की स्थापना की जा सकती है।

उक्त के क्रम में जनपद बस्ती के निम्नलिखित 05 विकास खण्डों की सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट यूनिट की स्थापना के सम्बन्ध में प्रस्ताव प्रस्तुत है जिस पर निर्माण एवं मशीनरी सहित प्रति यूनिट रू0 16.00 लाख का व्यय अनुमानित है।

क्रम सं0	विकास खण्ड	ग्राम पंचायत	अनुमानित व्यय
1	बस्ती सदर	श्रीपालपुर	रू0 16.00 लाख
2	कुदरहा	बानपुर	तदैव
3	परसरामपुर	सिकन्दरपुर	तदैव
4	रामनगर	तुरकौलिया उर्फ करमहिया	तदैव
5	विक्रमजोत	अमोढा खास	तदैव

अतः सादर अनुरोध है जिला पंचायत के केन्द्रीय वित्त के टाईड फण्ड बजट से उपरोक्त सूची के ग्राम पंचायतों में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट यूनिट की स्थापना हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

संलग्नक– मिशन निदेशक, स्व0भा0मि0–ग्रा0 का पत्र दिनांक 03 जनवरी 2025

(रतन कुमार)
जिला पंचायत राज अधिकारी
बस्ती।

पत्रांक 291 /तद्दिनांकित।
प्रतिलिपि–
1. उपनिदेशक(पं0) बस्ती मण्डल बस्ती।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय बस्ती।
3. मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन(ग्रा0) उ0प्र0 लखनऊ।
4. जिलाधिकारी महोदय बस्ती की सेवा में सादर अवलोकनार्थ।

जिला पंचायत राज अधिकारी
बस्ती।

f:\raja files\dpc notice & letter 2025.doc

Scanned with CamScanner